नेशनल लोक अदालत आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 दिन शनिवार प्रात:10:30 बजे तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव द्वारा न्यायालय परिसर में अध्यक्ष बॉबी सोनकर एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भरत पटेल तथा अधिवक्ता गण के साथ समस्त न्यायालयीन कर्मचारी गण बैंक अधिकारी नगर पालिका अधिकारी द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का विधिवत् शुभारंभ किया गया।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में लाभ लेने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समाधान आपके द्वार के तहत समस्त विभागो से संबंधित प्रकरणो का एक तिथि व एक मंच पर निराकरण होता है। साथ में आमजन के द्वार पर ही प्रकरण का निराकरण होने से आमजन के धन व समय की बचत भी होती है, तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणो को समझौते के माध्यम से निपटाया जा सकता है। लोक अदालत के दौरान बॉबी सोनकर के न्यायालय में 1258 बैंक रिकवरी 09 जलकर संपत्ति कर एवं दुकान किराया से 135आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण 14 एन आई ए 03 विधिक आपराधिक प्रकरण 24 प्रकरण सुनवाई में लिए गए। जिसमे से बैंक रिकवरी के 09 जलकर दुकान किराया एवं संपत्तिकर कर के 135 आपराधिक राजीनामा योग्य14 विधिक आपराधिक प्रकरण 948 एन आई25 कुल प्रकरण निराकृत किए गए एंव कुल 54 लाख5 हजार 622 रूपये की राशि जमा की गई तथा 388 व्यक्ति लाभान्वित हुए। पक्षकारो को फलदार जामुन, आंवला, आम, अमरूद, चीकू के 40 वृक्ष वितरण किए गए।

एकनाथ षष्ठी मेला 16 से

रामाकोना, देशबन्धु। परंपरागत एकनाथ षष्ठी मेला का आयोजन पंचमी से लेकर अष्टमी तक आयोजित किया जाता है। एकनाथ षष्ठी कन्हान नदी महोत्सव समिति के तत्वावधान में लोक कला सेवा मंडल ऑल इंडिया एवं संतकृपा भजन मंडल द्वारा 16 मार्च से 20 मार्च तक कन्हान नदी के किनारों पर स्थित 25 ग्रामों से होकर तीर्थक्षेत्र रामाकोना कन्हान नदी परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया है।

यात्रा का शुभारंभ 16 मार्च को शांति ब्रम्ह एकनाथ महाराज मंदिर से सुबह 9.00 बजे होगा। यात्रा प्रथम दिवस रामाकोना से देवी, बडोसा, लोंहगी, खैरी बिछुआ बग्गू, उटेकाटा में विश्राम होगा। द्वितीय दिवस उटेकाटा से घोटी, परतापुर, सायरा, बेरडी, सौंसर में विश्राम तृतीय दिवस सौंसर से निमनी, काजलवानी, रोहाना, कुड्डम रानपेट विश्राम, चतुर्थ दिवस रानपेट से पलासपानी, जोबनी, आमला, खुटाबां पिपला कन्हान विश्राम, पंचम दिवस पिपला कन्हान से सितापार, रामाकोना में संत लीलामृत घाट कन्हन नदी पर पहुंचेंगे। श्री एकनाथ षष्ठी कन्हान नदी महोत्सव व सिदोरी काला कार्यक्रम में सहभागी एकनाथ षष्ठी कन्हान नदी महोत्सव के तहत आयोजित सिदोरी काला कीर्तन गुरुवर्य हभप कृष्णा महाराज वाघळीकर चालिस गांव महाराष्ट्र के अमृत वाणी में होगा। शारदा संगित विद्यालय सौसर के छात्र-छात्राओं के माध्यम कन्हान नदी की महाआरती का गायन होगा।

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

सौंसर, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विशेष व्याख्यान डॉ अनूप कुमार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिसमें यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों को सुरक्षित रखना और उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

आज संविधान के माध्यम से महिलाओं को विशेष अधिकार प्राप्त हुए उसका प्रयोग कर प्रत्येक महिला को केवल शिक्षा पाना ही नही बल्कि सामाजिक स्तर पर सम्पूर्ण समाज का नेतृत्वकर्ता भी है ये कहा गया ।

प्राचार्य अमोल पाटिल द्वारा महिलाओ का इतिहास में बहुमूल्य योगदान है इस विषय पर प्रकाश डाला गया और नैतिकता मनुष्य जीवन में कितनी कारगर सिद्ध होती है इसे बताया गया।

अजय गिरी व सोहन सिंह धुर्वे द्वारा महिला के खेलो के प्रति रुझान बढ़ाये व भविष्य निर्माण कर सकते इस विषय पर

महिला शक्ति का इतिहास में बहुमूल्य योगदान, वे सामाजिक नेतृत्व में भी आगे

मार्गदर्शन किया। प्रणाली वाघमारे द्वारा महिला के विभिन्न रूपो को मराठी की कविता से व्यक्त किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मृणाली डोंगरे ,द्वितीय स्थान अपर्णा बावने तृतीय स्थान आरती उइके को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ विजयश्री बागड़े ने मंच संचालन किया।

सार-समाचार

लाड़ली बहनों को मिली मासिक आर्थिक सहायता राशि

छपारा, देशबन्धु। आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को मुख्यमंत्री मोहन यादव के करकमलों से मार्च माह 2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक से वितरित की गई। इसी तारतम्य में सिवनी कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार व मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद छपारा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग छपारा द्वारा आयोजित लाडली बहनों को सिंगल क्लिक द्वारा राशि वितरण कार्यक्रम नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह एवं पार्षद रामेश्वर बंजारा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद छपारा की लाडली बहना,महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विवि साईखेड़ा में प्रस्तुतीकरण

सौसर, देशबन्धु। भारत सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप जी एच रायसोनी विश्विद्यालय साईखेड़ा के कुलपति डॉ मीणा राजेश, डॉ श्रीराम जोशी कुलसचिव, नोडल अधिकारी डॉ मनोहर गोलाईत डीन ढ्ढक्रष्ट ,डॉ श्रीकांत थोटे, डीन एकेडेमिक्स नै शिक्षा निति 2020 के मार्गदर्शन में सारथि दिव्या लोनारे और केयूर शेरके द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमे विश्वविधालय के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के 200 से अधिक छात्रों ने उत्साह पूर्वक सहभाग लिया।

सी एम राइस विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

छपारा, देशबन्धु। सी एम राईस विद्यालय छपारा जिला सिवनी में वर्ष 2024-25 हेतु प्राथमिक विभाग में कक्षा के. जी वन से कक्षा 3 तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया 05 मार्च 2025 से प्रारंभ की जा चुकी है। फार्म प्राप्ति एवं जमा करने की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त कर सकते है आवशयकतानुसार लॉटरी 25 मार्च 2025 को निकाली जाएगी । फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2025 को शाम 4.30 बजे तक होगी।

महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रही है सामर्थ्य का परचम : सरस्वती

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महिला सम्मान समारोह का आयोजन डॉ राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता , पंकजपुरी गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती मरावी के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद रजनी मरावी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य व विशिष्ट अतिथि तथा नारी शक्ति का सम्मान महाविद्यालय स्टाफ के द्वारा श्रीफल शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। डॉ भावना बावरा के द्वारा महिला प्रकोष्ठ का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सरस्वती मरावी ने कहा वर्तमान में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपने सामर्थ्य का परचम लहरा रही है। महिलाएं किसी भी परिस्थिति में पुरुषों से कम नहीं है।

वह आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर एक क्षेत्र में आगे आ रही हैं । महिलाओं को कभी भी स्वयं को दूसरों से कमजोर नहीं समझना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहना चाहिए। तभी समाज में समानता व्याप्त हो पाएगी। विशिष्ट अतिथि

महाविद्यालय में महिला सम्मान समारोह आयोजित

रजनी मरावी ने अपने उद्बोधन में भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं के योगदान एवं विभिन्न राजनीतिक पदों पर महिलाओं की उपस्थिति के विषय में जानकारी प्रदान की ।

उन्होंने कहा महिलाएं यदि ठान लें तो वह कुछ भी कर सकती हैं। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आज एक महिला सुशोभित हैं।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पंकजपुरी गोस्वामी ने कहा केवल आज का ही दिन महिलाओं के लिए नहीं है बल्कि प्रत्येक दिवस महिलाओं के लिए समर्पित है। बिना महिलाओं सृष्टि की संरचना असंभव है । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम ने कहा महिलाएं आज अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। देश समाज और स्वयं के विकास में तत्परता से आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरुष दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जिससे प्रकृति और पुरुष के सहयोग से ही इस सृष्टि का सृजन होता है। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा त्रिवेणी धारवैया के द्वारा महिलाओं की समाज में आवश्यकता एवं महत्व के विषय में अत्यंत ही प्रभावशील विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ राखी वंशकार ने आभार एवं संचालन सुखदेव सिंह वरकडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

रेलवे मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु। जिला नरसिंहपुर स्टेशन मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस. थीम. सभी महिलाओं एवं लड़कियों के लिए अधिकार समानता और सशक्तिकरण. शिक्षा के उद्देश्य से सुनिश्चित करके अधिक न्याय संगत दुनिया की स्थापना के लिए कार्यक्रम किया गया।

रेलवे स्टेशन रेलवे हॉस्पिटल पर महिलाओं के सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना. जिसमें सभी विभाग के महिला कर्मचारी फूलो पुष्प से सम्मान किया गया एवं जनरल हेल्थ चेकअप किया गया। जिसमें हाइट वेट बीपी शुगर आंख के एवं कानो की जांच. के अलावा स्वस्थ रहने के लिए हेल्थ टिप्स भी दिया गया।

जिसमें 40 वर्ष से अधिक उम्र के महिलाओं स्वा स्थ. की जांच कराना चाहिए। लिपिड प्रोफाइल. बी पी. शुगर केरल जनरल हेल्थ चेकअप कराना चाहिए. तनाव को योग एक्सरसाइज के द्वारा काफी हद तक के ठीक कर सकते हैं।

किसी भी प्रकार का नशा नहीं लेना चाहिए। जंक फूड को अवॉइड करना चाहिए. हाई फाइबर डायट लेना चाहिए. मौसमी फल लेना चाहिए. सुबह नाश्ता के बाद ही काम में जाना चाहिए. बीपी शुगर वाले मैरिज को प्रतिदिन योग

एक्सरसाइज करना चाहिए।

यदि हम अपने संतुलित भोजन लाइफस्टाइल चेंज करके रखा जाए तो बिना दवा के ही बीपी और शुगर को ठीक किया जा सकता है. इस कार्यक्रम में सभी रेलवे कर्मचारियों के अलावा. महिला कर्मचारियों को सम्मान किया गया।

गेंहू खरीदी 15 मार्च से पांच मई तक

सिवनी, देशबन्धु। जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किए जायेंगे एवं गेंहू खरीदी उपार्जन अवधि 15 मार्च से 05 मई 2025 तक निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 एवं बोनस 175 रू इस प्रकार कुल 2600 रूपये निर्धारित किया गया है। जिले के सभी पंजीकृत किसान इस अवधि में अपनी उपज का विक्रय नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र में जाकर कर सकते है।

चौरसिया समाज महिला संगठन का गठन

नैनपुर, देशबन्धु। विगत 6 मार्च 2025 को जैसवाल धर्मशाला में चौरसिया समाज की बैठक आयोजित की गई । बैठक में दीप प्रज्वल पूजा पाठ के उपरांत समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया साथ ही महिला मंडल कार्यकारणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। जिसमें संरक्षक सुशीला घनश्याम चौरसिया (पार्षद वार्ड क्रमांक 4), गौरा रामकुमार चौरसिया, पुष्पा मनोज चौरसिया, उर्मिला स्वर्गीय संतोष चौरसिया समाज की मनोनीत महिला अध्यक्ष लता विनोद चौरसिया, उपाध्यक्ष संध्या संतोष चौरसिया, उपाध्यक्ष सीमा शिव चौरसिया, सचिव अमृता राजेश चौरसिया, सहसचिव अर्धिका अरविंद चौरसिया, कोषाध्यक्ष श्रुति प्रदीप चौरसिया एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शशि सतीश चौरसिया, शर्मिला संजय चौरसिया, रानी सुनील चौरसिया, कविता अजय चौरसिया, पायल मुकेश चौरसिया, अंकिता नितेश चौरसिया, खुशबू चंद्रशेखर चौरसिया, सुनीता सत्येंद्र चौरसिया, कामिनी निश्चल चौरसिया, बबीता दिनेश चौरसिया, माया गजेंद्र नाथ चौरसिया को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया ।

बैठक की की अध्यक्षता चौरसिया समाज के अध्यक्ष सतीश चौरसिया के द्वारा की गई । बैठक में वरिष्ठ पत्रकार राम कुमार चौरसिया, अशोक चौरसिया, संतोष चौरसिया, मनोज चौरसिया , बबलू प्रदीप चौरसिया के द्वारा अपने विचार रखे गए दोनों निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए । समाज के इस भव्य आयोजन के लिए सभी सम्माननीय सामाजिक बंधुओं का मात् शक्तियों का युवा साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

दैनिक राशिफल

रविवार 09 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की दसवीं। नक्षत्र- पुर्नवासु।

मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। `क-

कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन मे रह सकते हैं।

सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है।

कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। पदोन्नति होगी।

वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी।

धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी। दोस्तों या रिश्तेदारों से कोई उपहार मिल सकता है।

म.

अपनी ही महिला सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाई भाजपा

जबलपुर /छिंदवाड़ा, देशबन्धु। पाण्डुर्णा जिले की सबसे बड़ी पंचायतो में से एक ग्राम पंचायत रामाकोना में कुछ दिनों पूर्व भाजपा की महिला सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ भाजपा पंचो द्वारा ही अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिसका सम्मेलन कुछ सप्ताह पूर्व ग्राम पंचायत में आयोजीत किया गया था जिसमे तहसीलदार भावना मलगाम पीठासिन अधिकारी नियुक्त की गयी थी तथा इसके साथ ही खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे, सहारे की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ था । जिसमे अविश्वास के पक्ष पक्ष मे कुल 21 में से 15 मत प्राप्त हुए थे जबकि अविश्वास के विपक्ष में 3 तथा 3 मतो को उपस्थित टीम द्वारा रिजेक्ट बताया गया ।

पंचायत राज अधिनियम की जानकारी रखने वाले कुछ जानकारो का कहना है की अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ तो कुछ जानकारो का कहना पड़ा की अविश्वास प्रस्ताव पास होने के लिए कुल 21 में से 16 मतों की जरुरत थी किन्तु अविश्वास के पक्ष में 15 ही मत आये जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव फेल हुआ ऐसा मानना है। जिसको लेकर सरपंच गोहेल द्वारा स्टे लाया गया ऐसी भी चर्चा होने लगी थी ।

ग्राम पंचायत रामाकोना के अविश्वास प्रस्ताव का घटना क्रम देखते हुए राजनैतिक लोगों में चर्चा हो रही है की क्या सच में भाजपा महिला हितैषी पार्टी है इस पर प्रश्नचिन्ह है चुंकि ग्राम पंचायत रामाकोना में जनता द्वारा निर्वाचित महिला सरपंच भाजपा से है, और उसी भाजपा की महिला सरपंच को हटाने के लिए भाजपा द्वारा ही अविश्वास प्रस्ताव लाने की क़वायद शुरू की गयी थी। इससे साफ दिखाई पड़ता है की भाजपा का दोहरा चरित्र कैसा है। इधर भाजपा महिलाओ के लिए तमाम योजना चलाने का ढोंग करती है तो वही दुसरी तरफ भाजपा महिला सरपंच को हटाने के लिए भी षड़यंत्र करती है।

सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा महिला सरपंच श्वेता गोहेल को हटाने के बाद स्थानापन्न सरपंच के लिए सामान्य महिला के लिए आरक्षित सरपंच पद के लिए निर्वाचन बैठक का आयोजन 05 मार्च 2025 को किया गया था लेकिन षड़यंत्र पूर्ण तरीके से महिला को नहीं बनने देना है इस उद्देश्य से अन्य महिला पंचो तथा अन्य पंचो को बैठक में पहुंचने ही नहीं दिया गया इससे भाजपा का महिला विरोधी कारनामा चरितार्थ होता है । सत्ता में आने कें लिए महिलाओ की बात करने वाली भाजपा चुनाव के समय तरह तरह के प्रलोभन देकर तथा महिलाओ के लिए योजना बनाकर महिलाओ के वोट साधने का प्रयास करती है. ऐसा करके ये बताने की कोशिश की जाती है की भाजपा महिलाओ की बहुत बड़ी हितैषी पार्टी है।

दूसरी तरफ देखा जाए तो पाण्डुर्णा जिला बनने के बाद भाजपा संघटन द्वारा एक महिला को प्रथम जिलाध्यक्ष बनाया गया था इससे साबित होने लगा की भाजपा महिलाओ को महत्व देने वाली पार्टी है लेकिन धन बल और बाहुबल के आगे भाजपा ने संघटन अपने ही जिलाध्यक्ष को तीन वर्ष के कार्यकाल के पहले ही हटाया गया। जब भाजपा संघठन की महिला को ही पद से हटा सकती है तो क्या महिलाओ की बात करेगी ऐसे घटनाओ से भाजपा का महिलाओ के प्रति दोहरा चरित्र साबित होता है। पाण्डुर्णा के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के उपरांत ही जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत से भाजपा सरपंच के खिलाफ भाजपा पंचो द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा की महिला सरपंच को हटाना भाजपा के जिलाध्यक्ष के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा मे एक खेमा ऐसा भी है जो भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष से नाराज है तो उनके लिए ये सबसे बड़ा मुद्दा भी मिल सकता है चुंकि जिलाध्यक्ष बनने के उपरांत ही भाजपा सरपंच के खिलाफ अविश्वास लाने वाले पंचो को समझाइश क्यों नहीं दी गयी। भाजपा संघटन में भी तरह तरह की चर्चा होने लगी है।